13/10/2021

Online lecture on "Indian Brain: Capability & Inherited Potential"



अजीत समाचार – 13-10-2021

# ऑनलाइन विशेष व्याख्यान आयोजित

नारायणगढ़, 12 अक्तूबर (गुलियानी) : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में आईक्यू एसी द्वारा 'इंडियन ब्रेन : कपेबिलिटी एंड इन्हेरिटेड पोटेनशीयल' विषय पर ऑनलाइन विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्रो. डॉ. प्रवीन लेहना, विभागाध्यक्ष इलेक्टरोनिक्स विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय, जेएंड के उपस्थित रहे। बताया कि आज भारतीय बौद्धिक क्षमता का लोहा पूरा विश्व मानता है। भारत वैदिक काल से ही विश्व गुरु रहा है जिसका प्रमाण वेदों और पुराणों में भी मिलता है। इसी विषय में आगे कहा कि किस तरह मनुष्य और उसकी बुद्धि युगों के क्रमिक विकास से विकसित हुई है। इसका उद्धरण देते हुए कहा कि वैदिक गणित जिसके महत्त्व को आज पूरा विश्व स्वीकार कर चुका है भारतीय मानस की ही उत्पति है। पौराणिक काल से ही भरतीय ने अपनी भक्ति साधना एवं आध्यात्मिकता के बल दिव्य अस्त्र शस्त्रों का निर्माण किया था।

भारतीय कला एवं अभियांत्रिकी युगों तक टिकने वाली थी जहां आज कुछ समय के बाद ही निर्माण खंड की हालत खस्ता होती जा रही है। विश्व को पहला पूर्ण व्याकरण देने वाला भी भारतीय ऋषि पाणिनि थे जिनके व्याकरण (अष्टाध्यायी)को आधार बनाकर पूरे विश्व में व्याकरण की शुरुआत हुई। सतयुग में हम देखते है कि भगवान के पास दिव्य शक्ति होती थी, परंतु आज ये क्षमता पत्थरों में स्थानांतरित हो चुकी है, चाहे फिर वो देवी देवता के रूप में हो या आधुनिक अन्तर्जाल की औद्योगिक उन्नति के रूप में। मनुष्य के मस्तिष्क की प्रवृति सात्विक खाद्य की है, आज हमने अपनी खाद्य शृंखला हो बर्बाद कर दिया है। जिस कारण हमारी मानसिक शक्ति कम होने लगी है। संयोजक प्रो. अनिल सैनी ने कहा कि मनुष्य का मस्तिष्क अपने क्रमिक विकास में अंतर आत्मा से प्रेरित होता है। आत्मा को बलवित करके हम अपने मस्तिष्क की शक्तियों को विकसित कर सकते है। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य एवं संरक्षक संजीव कुमार ने विषय की सार्थकता को स्वीकार करते हुए कहा आज मनुष्य विज्ञान और तकनीकी पर इतना आश्रित हो गया है बौद्धिक क्षमता को खोने लगा है। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. शुभम द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रो. जोगा सिंह, प्रो.सुभाष, प्रो. सीमा, प्रो.गुरप्रीत, प्रो. सतीश, प्रो. स्वर्णजीत मौजूद रहे।

राजकीय कालेज में ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रिंसीपल संजीव व अन्य। (छाया : गुलियानी)

पंजाब केसरी – 13-10-2021

## 'रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ऑनलाइन विशेष व्याख्यान का आयोजन'

नारायणगढ़, 12 अक्तूबर (धर्मवीर): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में आई.क्यू.ए.सी. (इंटरनल क्वालिटी अस्सुरांस सैल) द्वारा इंडीयन ब्रेन: कपैबिलिटी एंड इन्हेरिटेड पोटेनशियल विषय पर ऑनलाइन विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्रो. डा. प्रवीन लेहना, विभागाध्यक्ष इलैक्ट्रानिक्स विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आज भारतीय बौद्धिक क्षमता का लोहा पूरा विश्व मानता है। भारत वैदिक काल से ही विश्व गुरु रहा है, जिसका प्रमाण वेदों और पुराणों में मिलता है।

उन्होंने कहा कि किस तरह मनुष्य और उसकी बुद्धि युगों के क्रमिक विकास से विकसित हुई है। इसका उदाहरण देते हुए कहा कि वैदिक गणित, जिसके महत्व को आज पूरा विश्व स्वीकार कर चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानस की ही उत्पत्ति है। पौराणिक काल से ही भारतीयों ने अपनी भक्ति साधना एवं आध्यात्मिकता के बल दिव्य अस्त्र शस्त्रों का निर्माण किया था। आई.क्यू.ए.सी. के संयोजक प्रो. अनिल सैनी ने कहा कि मनुष्य का मस्तिष्क अपने क्रमिक विकास में अंतर आत्मा से प्रेरित होता है। आत्मा को बलवित करके हम अपने मस्तिष्क की शक्तियों को विकसित कर सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य एवं संरक्षक संजीव कुमार ने विषय की सार्थकता को स्वीकार करते हुए, कहा कि आज मनुष्य विज्ञान और तकनीकी पर इतना आश्रित हो गया है कि बौद्धिक क्षमता को खोने लगा है। विशेष व्याख्यान में देश के लगभग 150 विद्वानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. शुभम ने किया। इस मौके पर प्रो. जोगा सिंह, प्रो. सुभाष, प्रो. सीमा आदि मौजूद रहे।

ऑनलाइन व्याख्यान के दौरान मौजूद अध्यापक। (धर्मवीर)

Seen 14/10/21

16/10/2021

Online Workshop on "Translation: Issues & Challenges"



दैनिक जागरण 13-10-2021

## कालेज में आनलाइन व्याख्यान आयोजित

संस, नारायणगढ़ : राजकीय स्नातकोत्तर कालेज नारायणगढ़ में इंटरनल क्वालिटी अस्सुरांस सेल (आइक्यूएसी) द्वारा इंडियन ब्रेन - कपेबिलिटी एंड इनहेरिटेड पोटेंशियल विषय पर आनलाइन आख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्रो. डा. प्रवीन लेहना विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रानिक्स विभाग जम्मू विश्वविद्यालय रहे। उन्होंने बताया कि आज भारतीय बौद्धिक क्षमता का लोहा पूरा विश्व मानता है। भारत वैदिक काल से ही विश्व गुरु रहा है, जिसका प्रमाण वेदों और पुराणों में मिलता है। किस तरह मनुष्य और उसकी बुद्धि युगों के क्रमिक विकास से विकसित हुई है।वैदिक गणित जिसके महत्व को आज पूरा विश्व स्वीकार कर चुका है, भारतीय मानस की ही उत्पत्ति है। पौराणिक काल से ही भारतीयों ने अपनी भक्ति साधना एवं आध्यात्मिकता के बल दिव्य अस्त्र शस्त्रों का निर्माण किया था। इस दौरान प्राचार्य एवं संरक्षक संजीव कुमार, प्रो. शुभम, प्रो. जोगा सिंह, प्रो. सुभाष, प्रो. सीमा, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. सतीश, प्रो. स्वरणजीत मौजूद रहे।

पंजाब केसरी – 18/10/2021

## 'राजकीय महाविद्यालय में 1 दिवसीय ऑनलाइन वर्कशाप आयोजित'

नारायणगढ़, 17 अक्तूबर (धर्मवीर): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणगढ़ में प्राचार्य संजीव कुमार के संरक्षण में अंग्रेजी विभाग तथा आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप' अनुवाद: मुद्दे और चुनौतियां ' विषय पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ प्रो. डा. अशोक वर्मा विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, बी.पी.एस. महिला विश्विधालय खानपुर कलां, सोनीपत प्रस्तुत रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. शुभम तथा समन्वयक अनिल सैनी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

स्वागत सत्र के दौरान प्राचार्य संजीव कुमार ने अनुवाद की प्रकृति की चुनौतियों और जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहाकि अनुवाद अपने कलेवर से सरल तथा आंतरिक रूप से एक जटिल प्रक्रिया है। प्रो. डा. अशोक ने विषय उद्घाटन करते हुए अनुवाद के स्वरूप को समझाते हुए कहा कि अनुवाद सुंदर तो है परंतु भरोसेमंद नहीं है। ये एक विशिष्ट कला है जो सतत अभ्यास से अपेक्षित है। अनुवाद की तीन किस्में शब्दनुवाद, भावानुवाद तथा गतिशील अनुवाद है। इनमें से गतिशील अनुवाद ही मूल रचना के अधिक निकट होता है। इसने अनुवादक विषयानुरूप अपने भावों को प्रकट करने की स्वतंत्रता मिल जाती है। रामायण जैसे महाकाव्य अनुवाद कार्य से ही हमारे सामने आते हैं।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विषय विशेषज्ञ द्वारा कुछ काव्य पंक्तियां अनुवाद हेतु दी गयी, जिसे भिन्न-भिन्न प्रतिभागियों द्वारा अनुवाद किया गया।

परिणामतः पाया गया कि सभी का अनुवाद भिन्न था। इसका कारण क्षेत्रीय सांस्कृतिक मूल्य पाया गया। सामान्यतः जब हम अनुवाद करते हैं तो अपने सांस्कृतिक विचारधारा तथा क्षेत्रीय प्रभाव से प्रभावित हो जाते हैं। इस त्रुटि की सतत अभ्यास तथा अनुभव द्वारा ही सिद्ध किया जा सकता है।

अतः अनुवाद कार्य एक सहज ज्ञानयुक्त एवं रचनाशील अनुभव है। ये एक चुनौतिपूर्ण परन्तु पावन कार्य है। अनुवादक को व्यक्तिगत विचारों से इतर इस यज्ञ का निर्वाह करना होता है।

इस मौके पर प्रो. जोगा सिंह, प्रो. सुभाष, प्रो. सीमा, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. सतीश, प्रो. स्वरणजीत, प्रो. मोहम्मद रफी, डा. परवीन कुमार मौजूद रहे।

ऑनलाइन वर्कशाप में भाग लेते प्राचार्य व अन्य। (धर्मवीर)

दैनिक भास्कर – 18/10/2021

## गतिशील अनुवाद मूल रचना के निकट होता है : डॉ. अशोक

नारायणगढ़ | गवर्नमेंट कॉलेज में अंग्रेजी विभाग व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन वर्कशॉप अनुवाद: मुद्दे और चुनौतियां विषय पर आयोजित की गई। विषय विशेषज्ञ खानपुर कलां महिला विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अशोक वर्मा थे। प्राचार्य संजीव कुमार ने कहा कि अनुवाद अपने कलेवर से सरल व आंतरिक रूप से एक जटिल प्रक्रिया है। डॉ. अशोक ने कहा कि अनुवाद सुंदर तो है, परंतु भरोसेमंद नहीं है। अनुवाद की तीन किस्में शब्दानुवाद, भावानुवाद तथा गतिशील अनुवाद है। इनमें से गतिशील अनुवाद ही मूल रचना के अधिक निकट होता है। रामायण जैसे महाकाव्य अनुवाद कार्य से ही हमारे सामने आते हैं। अनुवाद का आरंभ आधुनिक काल में एक विधा के रूप में प्रचलन में आया है। दूसरे सत्र में विषय विशेषज्ञ ने कुछ काव्य पंक्तियां अनुवाद के लिए दी, जिसे प्रतिभागियों ने अनुवाद किया। मौके पर प्रो. जोगा सिंह, प्रो. सुभाष, प्रो. सीमा, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. सतीश, प्रो. स्वरणजीत, प्रो. मोहम्मद रफी, डॉ. परवीन कुमार मौजूद थे।

Seen

23/10/2021

National Seminar on "Bhagti Sahitya me Manavtavad"



VI www.punjabkesari.in 23/10/2021 अम्बाला केसरी

# मानवतावाद विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नारायणगढ़, 22 अक्तूबर (धर्मवीर): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणगढ़ में प्राचार्य संजीव कुमार के संरक्षण तथा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा 1 दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी भक्ति साहित्य में मानवतावाद विषय पर आयोजन किया गया, जिसमें वक्ता के तौर पर प्रो. डा. अशोक कुमार, वरिष्ठ आचार्य, हिंदी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ प्रस्तुत रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद रफी तथा संचालिका प्रो. डा. आशा ने संगोष्ठी में प्रस्तुत विद्वानों का स्वागत किया।

प्राचार्य संजीव कुमार ने संगोष्ठी विषय में कहा कि भक्ति साहित्य को जीवन में अपनाकर सामाजिक तथा आध्यात्मिक जीवन मार्ग को सफल बना सकते हैं। डा. अशोक ने विषय का बीजारोपण करते हुए कहा कि भक्ति साहित्य हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और भक्ति की अवधारणा आज से सैंकड़ों वर्षों पुरानी है, जो आज भी प्रासंगिक बनी हुई है। स्वागत सत्र के अध्यक्ष पूर्व प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश करुनेश ने कहा कि भक्ति साहित्य की विचारधारा आज के समय की मांग है। हमारे इतिहास के महानायक विचारक एवं समाज सुधारक ही हमारे आदर्श हैं।

संत कवि तुलसीदास जी ने जैसे बेगमपुरा की परिकल्पना की थी वो आज भी प्रासंगिक है। वर्तमान समय की विसंगतियों, भेदभाव, ऊंच-नीच की समस्याओं को महापुरुषों के जीवन का अनुसरण आवश्यक बन जाता है, जो समाज को एकता अखंडता और दया का संदेश देता है। डा. विजय शर्मा ने कहा जैसे आदर्श विचारों में रहेंगे वैसा ही आदर्श जीवन प्राप्त किया जा सकता है। भक्ति साहित्य हमें मानवतावाद की प्रेरणा देता है। ये हमें तत्व एवं आलोकिक दृष्टि प्रदान करता है। तकनीकी सत्र के अध्यक्ष प्रो. डा. निर्मल सिंह ने सभी पत्र प्रस्तुत कर्त्ताओं के विचारों का बहुत सूक्ष्म अध्ययन किया और उनके विचारों को संश्लेषित रूप में सबके सामने रखा।

प्रो. डा. मनजीत कौर ने भक्ति काल और मानवतावाद में कोई अंतर नहीं है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। आदर्श विचारहीन व्यक्ति मानवतावादी गुणों से युक्त नहीं हो सकता। वरिष्ठ आचार्य डा. सुभाष चंद्र, हिंदी विभाग, कु.वि.कु ने समग्र संगोष्ठी को समेटे हुए कहा कि भक्ति साहित्य के अध्ययन भावी पीढ़ी की आवश्यकता बनती जा रही है।

जहां समाज में इतनी दोष पनप चुके है, भिन्न-भिन्न प्रकार के मत मतांतर का जन्म हो चुका है। भक्ति के स्थापकों ने कभी नहीं चाहा होगा कि लोग उनके विचारों पर ही बंट जाए। कालिदास के एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा कि न तो सभी पुराने अच्छे हैं और न ही सभी नए बुरे हैं। फर्क सिर्फ दृष्टिकोण का है। भक्ति साहित्य सत्य अनुभव और आचरण पर आधारित है।

इस मौके पर डा. नीलू ने कहा कि भक्तिकाल के कवियों ने प्रकृति के अनावश्यक पोषण के विरुद्ध आवाज उठाई और मनुष्य को आत्मनुभूति की ओर प्रेरित किया। डा. जगदीप ने कहा कि वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना साहित्य द्वारा किया जा सकता है। प्रो. मोहम्मद अली ने अपने पत्र प्रस्तुति में कहा कि भक्तिकाल के कवियों से बड़ा कोई समाज सृष्टा नहीं हो सकता। तुलसी का मानस एक आदर्श मानव है, जिसके द्वारा इस मृत्युलोक को भी स्वर्ग बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. जोगा सिंह, प्रो. सुभाष कुमार, प्रो. संजीव अग्रवाल, डा. रीमा, डा. राजीव, प्रो. स्वरणजीत, प्रो. परवीन, प्रो. देविंदर सिंह, प्रो. परवीन कत्याल, प्रो. राजेंद्र कुमार प्रस्तुत रहे और संगोष्ठी को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया।

संगोष्ठी में भाग लेते वक्ता। (धर्मवीर)

Seen

26/11/2021 Celebration of "Constitution Day"



दैनिक जागरण - 27-11-2021

संविधान दिवस पर बच्चों को संविधान दिवस की जानकारी देतीं प्रा. विनीता शर्मा।

## राजकीय महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस

नारायणगढ़, (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राचार्य देवेंद्र ढींगरा ने सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को संविधान दिवस की बधाई दी। प्राचार्य ने बच्चों को संविधान से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागृत किया। प्रो. विनीता शर्मा ने बच्चों को संविधान के महत्व के बारे में अवगत कराया। इसी अवसर पर प्रो. प्रवीण कुमार ने बच्चों को संविधान निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंच का संचालन करते हुए डा. जगदीप सिंह ने संविधान सभा के सदस्यों को स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों और आदर्शों पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर बहुत से विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने संविधान की उद्देशिका की शपथ भी ग्रहण की। संविधान दिवस के इस शुभ अवसर पर प्रो. नरेश, प्रो. गौरी, प्रो. रितु नारा, प्रो. प्रिया मलिक व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अर्थ-प्रकाश - 27-11-2021

## राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ मनाया गया संविधान दिवस

नारायणगढ़ (सुशील)। राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आज संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र ढींगरा द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को संविधान दिवस की बधाई दी गई। प्राचार्य ने बच्चों को संविधान से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागृत किया। प्रोफेसर विनीता शर्मा ने बच्चों को संविधान के महत्व के बारे में अवगत कराया। इसी अवसर पर प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने बच्चों को संविधान निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंच का संचालन करते हुए हुए डॉक्टर जगदीप सिंह ने संविधान सभा के सदस्यों को स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों और आदर्शों पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर बहुत से विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने संविधान की उद्देशिका की शपथ भी ग्रहण की। संविधान दिवस के इस शुभ अवसर पर प्रोफेसर नरेश, प्रोफेसर गौरी, प्रोफेसर रितु नारा, प्रोफेसर प्रिया मलिक और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

10/12/2021 Declamation Contest on "Swasth Bharat" Courtesy of Nehru Yuva Kendra

पंजाब केसरी

# राजकीय महाविद्यालय में हुई भाषण प्रतियोगिता, साक्षी ने जीता प्रथम स्थान

नारायणगढ़, 10 दिसम्बर (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता और स्वच्छ भारत तथा सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास शीर्षक पर 3 व्याख्यानों का आयोजन करवाया गया। यह आयोजन राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण में युवा अपना योगदान किस तरह दे सकते हैं, इस बारे में विस्तृत चर्चा की।

विद्यार्थियों को बहुत ही प्रेरक भाषण के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि वे अपने जीवन में एक निश्चित लक्ष्य को लेकर चलें।

नेहरू युवा केंद्र की संचालिका अशदीप ने नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बच्चों को उनमें अपनी भागीदारी रखने की अपील की और बताया कि नेहरू युवा केंद्र भारत सरकार द्वारा बनाई गई स्वच्छता योजना में किस तरह अपनी विशेष भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के आरम्भ में सर्वप्रथम राष्ट्र निर्माण विषय पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी, द्वितीय स्थान खुशप्रीत और तृतीय स्थान सारिका ने प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर पर करवाई गई और सफल विद्यार्थी आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इस अवसर पर प्रो. विनीता शर्मा ने प्लास्टिक मुक्त भारत पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने प्लास्टिक से होने वाले नुक्सान और उससे कैसे बचा जा सकता है, पर विस्तृत चर्चा की। प्रो. प्रवीण कुमार ने ठोस कचरे से होने वाले नुक्सान के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए उससे कैसे बचा जा सकता है, के बारे में विद्यार्थियों को बताया। प्रो. जगदीप सिंह ने मंच का सफलतापूर्वक संचालन करते हुए व्याख्यान के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए कचरे संबंधी विभिन्न तथ्यों के माध्यम से विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के बारे में भी बच्चों का ज्ञान वर्धन किया गया। नेहरू युवा केंद्र के खंड प्रधान बलजीत सिंह और जनरल सैक्रेटरी सोहन लाल की कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका रही। इस अवसर पर प्राध्यापक राजेंद्र कुमार, प्रो. देवेंद्र, बलजिंद्र सिंह नेकनावां और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



*कार्यक्रम के दौरान व्याख्यान देते प्रोफैसर व उपस्थित लोग।* (धर्मवीर)

14 Days "Health Care Workshop" for Girl Students

## राजकीय महाविद्यालय में 14 दिवसीय ब्यूटीशियन वर्कशॉप का आयोजन



(धर्मवीर)

*वर्कशॉप में भाग लेती छात्राएं।*

नारायणगढ़, 14 दिसम्बर (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 14 दिवसीय ब्यूटीशियन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में इस वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। वर्कशॉप में अलग-अलग स्ट्रीम की लगभग 160 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कार्यों को भी सीखना चाहिए, जिससे स्वयं आत्मनिर्भर बना जा सकता है। साथ ही छात्राएं व्यवसायिक प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ के तहत आगे भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा व विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में अवश्य भाग लेना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। ब्यूटी प्रशिक्षक [illegible]तका ने छात्राओं को तरह-तरह के ब्यूटी टिप्स जैसे सर्दियों के स्किन केयर टिप्स, हैल्थ व स्मार्ट टिप्स से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार (इतिहास विभाग) व महिला प्रकोष्ठ के सभी स्टाफ सदस्य प्रो. शुभम, प्रो. चंचल, प्रो. मनीषा, प्रो. सपना सैनी, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो इंदु धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में आत्मनिर्भरता का गुर सीखेंगी छात्राएं



राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को टिप्स देतीं प्रशिक्षक व अन्य।

संवाद न्यूज एजेंसी

नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 14 दिवसीय ब्यूटीशियन कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में इस कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में अलग-अलग विषयों से संबंधित लगभग 160 छात्राओं ने भाग लिया।

प्राचार्य ने कहा कि छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कार्य भी सीखने चाहिए, ताकि वह स्वयं आत्मनिर्भर बन सकें। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ के तहत आगे भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ब्यूटी प्रशिक्षक कृतिका ने छात्राओं को तरह-तरह के ब्यूटी टिप्स दिए। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार इतिहास विभाग व महिला प्रकोष्ठ के सभी स्टाफ सदस्य प्रो. शुभम, प्रो. चंचल, प्रो. मनीषा, प्रो. सपना सैनी, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो. इंदु धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा उपस्थित रहीं।

अर्थ प्रकाश
15/12/2021

## 14 दिवसीय ब्यूटीशियन वर्कशॉप का आयोजन

नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)। राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 14 दिवसीय ब्यूटीशियन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में इस वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। इस वर्कशॉप में अलग-अलग स्ट्रीम की लगभग160 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा की विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य कार्यों को भी सीखना चाहिए जिससे स्वयं आत्मनिर्भर बना जा सकता है साथ ही छात्राएं व्यावसायिक प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ के तहत आगे भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा व विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में अवश्य भाग लेना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। ब्यूटी प्रशिक्षक कृतिका ने छात्राओं को तरह-तरह के ब्यूटी टिप्स जैसे सर्दियों के स्किन केयर टिप्स, हेल्थ व स्मार्ट टिप्स से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार (इतिहास विभाग) व महिला प्रकोष्ठ के सभी स्टाफ सदस्य प्रो. शुभम, प्रो. चंचल, प्रो मनीषा, प्रो. सपना सैनी, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो इंदु धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा उपस्थित रहे।

15/12/2021 "AIDS Awareness Program"

अमर उजाला - 16-12-2021

## विद्यार्थियों को फिल्म दिखाकर एड्स के खिलाफ किया जागरूक



राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व शिक्षक। संवाद

नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को यूथ रेडक्रॉस समिति द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता से संबंधित फिल्म दिखाई गई और नेको ऐप अपलोड करवाया गया।

ऐप के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। बच्चों को टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी दी गई, ताकि विद्यार्थी बीमारी के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा ने की। उन्होंने बच्चों को जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेडक्रॉस समिति की संयोजिका वंदना सैनी और सदस्यों डॉ. जगदीप सिंह, प्रो. नेहा वालिया, प्रो. निशा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. विनीता, प्रो. रेनू गुप्ता उपस्थित रही। संवाद

पंजाब - केसरी - 16-12-2021



*कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राचार्य, अध्यापक व विद्यार्थी।* (धर्मवीर)

## विद्यार्थियों को दिखाई एड्स अवेयरनैस फिल्म

नारायणगढ़, 15 दिसम्बर (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय में यूथ रैडक्रास समिति द्वारा एड्स जागरूकता दिवस के पखवाड़े की समाप्ति समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को एड्स अवेयरनैस फिल्म दिखाई गई और नाको एप बच्चों को डाऊनलोड करवाई गई। एप के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर बच्चों को एड्स अवेयरनैस के लिए एक टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी दी गई, ताकि विद्यार्थी बीमारी के प्रति किसी भी प्रकार से जानकारी प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा द्वारा की गई। बच्चों को जागरूक रहने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम का आयोजन यूथ रैडक्रॉस समिति की संयोजिका वंदना सैनी और सदस्यों डा. जगदीप सिंह, प्रो. नेहा वालिया, प्रो. निशा ने किया। इस अवसर पर प्रो. विनीता, प्रो. रेनू गुप्ता और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

08/01/2022 "COVID-19 Vaccination Camp" by Civil  Hospital Naraingarh



दैनिक जागरण - 8-01-2022

## कालेज में 116 विद्यार्थियों का टीकाकरण

नारायणगढ़ : क्षेत्र में विद्यार्थियों को कोविड से बचाव के लिए वैक्सीनेट किया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय कालेज के प्राचार्य डा. देवेंद्र की अध्यक्षता में विभिन्न कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाई गई। 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कोरोनारोधी वैक्सीनेशन कैंप में 116 विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान प्रोफेसर संजीव अग्रवाल, वंदना सैणी, रेणु गुप्ता, प्रवीन, डा. जगदीप सिंह, राजेन्द्र कुमार, सपना गुप्ता, दिपीका, गौरी, नीलू, कविता, सपना एवं नवीन गर्ग ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इसी तरह नागरिक अस्पताल की स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने विभिन्न स्कूलों के 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगाई गई है। डा. नीतिश शर्मा ने बताया कि वीरवार को शिवालिक स्कूल में 146 वैक्सीन लगाई गई है। इसी प्रकार श्रीमद भगवद गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 177 को तथा आर्य स्कूल में 117 को वैक्सीन लगाई गई है।

कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन लगाते हुए।

## चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

अंबाला: थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपित अजय कुमार निवासी गांव पूर्थीपुर गुग्गा जिला रूपनगर (पंजाब) को गिरफ्तार किया। बाद में उसे जमानत पर रिहा किया। इसी मामले में दूसरे आरोपित दीपक कुमार निवासी गांव फतेहपुर गुग्गा जिला रूपनगर को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। शिकायतकर्ता अमित शर्मा निवासी हरगोविंदपुर कालोनी बराड़ा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 अगस्त 2021 को फारूखा खालसा स्कूल के पास से उसकी बाइक चोरी कर ली है।

अर्थ-प्रकाश - 8-01-2022

## स्कूल में 116 विद्यार्थियों का हुआ टीकाकरण

नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)। विद्यार्थियों को कोविड-19 की तीसरी लहर एवं ऑमीक्रॉन से बचाव हेतू प्राचार्य डॉ0देवेन्द्र की अध्यक्षता में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं मे पढने वाले विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य प्राप्त करने हेतू चलाए जा रहे अभियान के तहत प्राध्यापकों द्वारा वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस संदर्भ मे महाविद्यालय में आज 15 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कोरोनारोधी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिक अस्पताल के डॉ0 नितीश, डॉ0प्रिया कौशिक, राहुल, सोनिया व टीम सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के 116 विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया। प्रोफेसर संजीव अग्रवाल, वंदना सैणी, रेणु गुप्ता, प्रवीन, डॉ. जगदीप सिंह, ... सपना गुप्ता, दिपीका, गौरी, नीलू, कविता, सपना, एवं नवीन गर्ग

पंजाब केसरी - 8-01-2022

## राजकीय महाविद्यालय के 116 विद्यार्थियों का किया टीकाकरण

नारायणगढ़, (धर्मवीर): विद्यार्थियों को कोविड-19 की तीसरी लहर एवं ओमिक्रोन से बचाव हेतु प्राचार्य डा. देवेंद्र की अध्यक्षता में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत प्राध्यापकों द्वारा वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस संदर्भ में महाविद्यालय में शुक्रवार को 15 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कोरोनारोधी वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिक अस्पताल के डा. नितीश, डा. प्रिया कौशिक, राहुल, सोनिया व टीम सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के 116 विद्यार्थियों का टीकाकरण किया। प्रो. संजीव अग्रवाल, वंदना सैणी, रेणु गुप्ता, प्रवीन, डा. जगदीप सिंह, राजेंद्र कुमार, सपना गुप्ता, दीपिका, गौरी, नीलू, कविता, सपना एवं नवीन गर्ग का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

## स्कूली बच्चों को लगाई कोरोनारोधी वैक्सीन

नारायणगढ़, (धर्मवीर): नागरिक अस्पताल की स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने विभिन्न स्कूलों के 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगाई गई है। एस.एम.ओ. डा. संजीव सिद्धु के नेतृत्व में वैक्सीन लगाने का कार्य किया गया। डा. नीतिश शर्मा ने बताया कि वीरवार को शिवालिक स्कूल में 146 वैक्सीन लगाई गई है। इसी प्रकार श्रीमद्भगवद् गीता सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 177 को तथा आर्य स्कूल में 117 को वैक्सीन लगाई गई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को डी.ए.वी. स्कूल में 26 निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को वैक्सीन लगाई गई है तथा राजकीय महाविद्यालय में 116 को वैक्सीन लगाई गई है। डा. संजीव सिद्धु ने कहा कि सभी स्कूल प्रबंधक निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस व ओमिक्रोन के खतरे से वैक्सीन लगवाकर ही बचा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा रही है। ही सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशानुसार आगामी 10 जनवरी से फ्रंट लाइन वर्कर्स, हैल्थ केयर वर्कर्स और 60 वर्ष आयु से अधिक के कोमोरबिटी लोगों को प्रीकॉशन डोज लगाने का अभियान भी शुरू किया जाएगा।

...र्थियों का टीकाकरण करते स्वास्थ्य कर्मी और साथ में मौजूद प्राचार्य व प्राध्यापक। [illegible]

21/01/2021 Beti Bachao - Beti Padhao online Competition by women cell

अमर उजाला - 22-01-22

आयोजन

राजकीय महाविद्यालय में भाषण, काव्य पाठ, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन की हुई स्पर्धाएं

# 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में भाषण, काव्य पाठ, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का विषय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नारी सशक्तिकरण रहा।

डॉ. देवेंद्र ढींगरा ने विद्यार्थियों को गूगल मीट के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि करोना वायरस के संक्रमण के चलते विद्यार्थियों के लिए कॉलेज बंद हैं, ऐसे में आप सभी अपने घरों पर हैं। आप अपनी पढ़ाई के साथ खाली समय का सदुपयोग कर महाविद्यालय के तहत होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान सकते हैं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने कहा कि करोना महामारी के



ऑनलाइन माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी और अन्य। संवाद

## विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

चलते आगे भी अगर ऐसी ही स्थिति रहती है तो विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से जनवरी और फरवरी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर प्रो. संजीव कुमार, प्रो. शुभम, प्रो. चंचल, प्रो. राजरानी, प्रो. मनीषा, प्रो. सपना सैनी, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो. इंदु धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा मौजूद रहे।

## यह रहे परिणाम

भाषण प्रतियोगिता में सोनम प्रथम, साक्षी द्वितीय और अनुपम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ में अंकिता प्रथम, कमल द्वितीय और चरणजीत तीसरे स्थान पर रहीं। निबंध लेखन में नेहा ने प्रथम, दीपक द्वितीय और श्वेता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रियंका धीमान प्रथम, सुमन द्वितीय और शिवानी तृतीय रही। नारा लेखन में आकांक्षा ने प्रथम, तरुणा द्वितीय और आस्था गर्ग ने तीसरा स्थान हासिल किया।

दैनिक ट्रिब्यून - 22/1/22

## राजकीय कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**नारायणगढ़ (निस)**: राजकीय कॉलेज, नारायणगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सम्बोधित किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में सोनम, काव्य पाठन में अंकिता, निबंध लेखन में नेहा, पोस्टर मेकिंग में प्रियंका धीमान व नारा लेखन प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रथम स्थान पर रही।

दैनिक भास्कर - 22-01-22

## भाषण में सोनम व काव्य पाठ स्पर्धा में अंकिता प्रथम

**नारायणगढ़** | राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बेटी बचाओ बेटी प[...]
तथा नारी सशक्तिकरण विषय पर ऑनलाइन भाषण, काव्य पाठ, नि[...]
लेखन, पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताएं की गई। महिला प्र[...]
की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में से[...]
द्वितीय साक्षी, तृतीय अनुपम रही। काव्य पाठ में प्रथम अंकिता, [...]
कमल, तृतीय चरणजीत रही। निबंध लेखन में प्रथम नेहा, द्वितीय द[...]
तृतीय स्थान पर श्वेता रही। पोस्टर मेकिंग में प्रथम प्रियंका धीमान, [...]
सुमन देवी, तृतीय शिवानी व नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्था[...]
आकांक्षा, द्वितीय स्थान पर तरुणा व तृतीय स्थान पर आस्था गर्ग रही

25/01/2022 Celebrartion of Natonal Voter's Day

पंजाब - केसरी

केसरी

बुधवार WEDNESDAY 26 जनवरी 2022

# राजकीय महाविद्यालय में मतदाता दिवस पर ऑनलाइन शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

नारायणगढ़ 25 जनवरी (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में एक ऑनलाइन शपथ ग्रहण सम्मारोह का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर देवेंद्र ढींगरा के दिशा निर्देशन किया गया। प्राचार्य बच्चों से ऑनलाइन रू-ब-रू हुए और सर्वप्रथम उन्होंने बच्चों और सभी प्राध्यापकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान की भूमिका विशेष महत्व रखती है इस बारे में चर्चा की। विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जो विद्यार्थी 18 वर्ष के हो चुके हैं वह अपने मतदान का सही उपयोग करें। सही उम्मीदवार को ही अपना कीमती वोट दें लगभग 60 के करीब विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वनिता शर्मा ने बताया कि एक सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता को जाति धर्म से ऊपर उठकर अपना वोट सही उम्मीदवार को देना चाहिए तभी एक सशक्त लोकतंत्र का निर्माण किया जा सकता है। डॉक्टर जगदीप ने विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए वोट के महत्व के बारे में अवगत कराया प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने मतदान से जुड़े विभिन्न समस्याओं के बारे में विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया।



ऑनलाइन शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उपस्थित प्राचार्य, अध्यापक व विद्यार्थी। (धर्मवीर)

28/01/2022 Online Competition on Republic Day

IV www.punjabkesari.in

पंजाब केसरी - 29-01-22

# राजकीय महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर हुई ऑनलाइन प्रतियोगिताएं

नारायणगढ़, 28 जनवरी (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वधान में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर ऑनलाइन गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता तथा फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा द्वारा की गई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने देश भक्ति से संबंधित अपनी ऑनलाइन नृत्य, गायन प्रस्तुतियों को प्रस्तुत किया व फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में झांसी की रानी, भगत सिंह भारत माता बनकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने कहा कि डा. बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर ने दुनिया के सबसे विस्तृत संविधान की स्थापना की। बाबा साहब ने इतने बड़े देश के संविधान को लिखकर पूरे देश को एकजुट किया इसके लिए उन्हें हमेशा नमन किया जाएगा।



ऑनलाइन प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित प्राचार्य, अध्यापक व विद्यार्थी। (धर्मवीर)

गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नितिन बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर अक्षित बीकॉम तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर तरुणा बी.एस.सी. तृतीय वर्ष से रही। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अभिषेक बीकॉम द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर ज्योति बी.कॉम प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर भावना एम.कॉम प्रथम वर्ष से रही, फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तमन्ना बी.कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर कमल एम.कॉम फाइनल वह तृतीय स्थान पर नीतु पी.जी.डी.सी.ए. से रही। इस अवसर प्रो. संजीव कुमार (इतिहास विभाग) व महिला प्रकोष्ठ के सभी स्टाफ सदस्य प्रो. शुभम, प्रो. चंचल, प्रो. सपना सैनी, प्रो. राजरानी प्रो. मनीषा, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो. इंदू धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा उपस्थित रहे।

04/02/2022 National webinar on Women Empowerment

पंजाब-केसरी - 5-02-2022

# प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं अपनी सफलता के परचम लहरा रही : प्रो. रेनू



राष्ट्रीय. वैबीनार में भाग लेते प्राचार्य व अध्यापक। (धर्मवीर)

नारायणगढ़, 4 फरवरी (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वधान में राष्ट्रीय वैबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। वैबीनार में हरियाणा व विभिन्न राज्यों के जैसे उत्तर प्रदेश, वैस्ट बंगाल, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पंजाब, नई दिल्ली, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, बिहार व मध्य प्रदेश के लगभग 400 प्रतिभागी वैबीनार में शामिल हुए। वैबीनार का विषय आज की दुनिया में महिला सशक्तिकरण का महत्व रहा। इसकी मुख्य वक्ता निधि सैनी कॉरपोरेट ट्रेनर (लाइफ कोच) नोयडा से रहीं।

प्राचार्य ने मुख्य वक्ता तथा विभिन्न कालेजों-यूनिवर्सिटीज के प्रतिभागियों का स्वागत किया और कहा कि महिला सशक्तिकरण का मुख्य लाभ समाज से जुड़ा हुआ है। अगर हमें अपने देश को एक शक्तिशाली देश बनाना है तो उसके लिए हमें समाज में महिलाओं को भी शक्तिशाली बनाने की जरूरत है। महिलाओं के विकास का मतलब होता है महिलाओं को इस काबिल बनाया जाए कि वे स्वयं एवं अपने परिवार से जुड़े निर्णय लेने में सक्षम हों। महिलाओं में निर्णय शक्ति का विकास ही महिला सशक्तिकरण का सही पैमाना है।

मुख्य वक्ता ने बताया कि अपने निजी स्वतंत्रता और चयन का फैसला लेने के लिए महिलाओं को अधिकार देने तथा समाज में उनके वास्तविक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना, तभी हमारा समाज, हमारे राष्ट्र और हमारे देश का विकास होगा। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू ने मंच संचालन करते हुए कहा कि आजकल हर क्षेत्र में महिलाएं काम कर रही हैं व एक अहम भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। इन योजनाओं के द्वारा सरकार महिलाओं की मदद कर उनको सशक्त बनाना चाहती है। प्रो. चंचल ने मुख्य वक्ता व वैबीनार में जुड़े सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला प्रकोष्ठ समिति के सभी सदस्यों प्रो. शुभम, प्रो. सपना सैनी, प्रो. राजरानी, प्रो. मनीषा, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो. इंदु धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम को तकनीकी स्तर पर सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रो. रीमा संधू, डा. राजीव गोयल, संदीप एल.ए ने अपनी पूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार (इतिहास विभाग), प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. सुमन लता, प्रो. मनीषा अरोड़ा, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. प्रिया मलिक, प्रो. मृदुल धींगरा व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

06/02/2022 Online seven day arts and crafts workshop organized

# महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ऑनलाइन 7 दिवसीय कला व शिल्प कार्यशाला का शुभारंभ

नारायणगढ़ 5 फरवरी (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ऑनलाइन 7 दिवसीय कला व शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला में 120 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान प्राचार्य डॉ. ढींगरा ने कला व शिल्प प्रशिक्षक आशा वर्मा का स्वागत किया और अपने संबोधन में कार्यशाला का महत्व बताते हुए कहाकि जीवन के हर क्षेत्र में कोई भी शिक्षा किसी भी पड़ाव पर हमारे काम आ सकती है। इसलिए विद्यार्थियों को कुछ-न-कुछ सीखते रहना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी जीवन में अधिक से अधिक योग्यताओं एवं कुशलता का सर्जन कर अपनी आने वाली जिंदगी को सुखद बना सकते हैं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने कहा कि हर कला एक हुनर है और इसे सिखाना, इससे भी बड़ा हुनर है।

इसलिए हर तरह की गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों के बौद्धिक कौशल व नैतिक मूल्यों में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि इस 7 दिनों की कार्यशाला में विद्यार्थियों को प्रशिक्षक द्वारा तरह तरह से सुंदर डैकोरेटिव पीस, पोट्रेट, पेंटिंग, स्कैचिंग, आउट ऑफ वेस्ट मैटीरियल से संबंधित चीजों इत्यादि को बनाना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षक आशा वर्मा (अंबाला) ने कार्यशाला के दौरान पहले दिन छात्राओं को बुकमार्क व क्रिएटिव बैग बनाना सिखाया। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार (इतिहास विभाग) व महिला प्रकोष्ठ के सभी स्टाफ सदस्य प्रो. शुभम, प्रो. चंचल, प्रो. राजरानी, प्रो. मनीषा, प्रो. सपना सैनी, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो. इंदु धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा उपस्थित रहे।



कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी और प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र ढींगरा व प्रोफेसर रेणु कुमारी जानकारी देते हुए। (धर्मवीर)

के- 5.2.2022

...नार में जल संरक्षण का ...या संदेश

07/02/2022 Webinar on "Water Conservation" courtesy of Nehru Yuva Kendra

अर्थ-प्रकाश- 7.2.2022

# जल संरक्षण पर वेबीनार का आयोजन

नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)। नेहरू युवा केंद्र अम्बाला द्वारा जल संरक्षण पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ डॉ० देवेन्द्र ढींगरा और प्रोफेसर डॉक्टर जगदीप सिंह गवर्नमेंट कॉलेज नारायणगढ़ द्वारा शामिल हुए। इस मौके पर लगभग 80 विद्यार्थियों व नेहरू युवा केन्द्र के वॉलंटियर और अन्य शिक्षकों ने भाग लिया। इस वेबीनार का आयोजन नेहरू युवा केंद्र की अधिकारी अर्शदीप कौर ने इसका सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रिंसिपल देवेंद्र ढींगरा ने कहा कि अपने जीवन में सभी को जल संरक्षण के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण करना आज के समय की आवश्यकता है। डॉक्टर जगदीप सिंह के द्वारा जल की विश्व समस्या व भारत से संबंधित समस्याओं को उजागर किया गया।

13/02/2022 Speech & Poetry Recitation competition organized on the occasion of birthday of Guru Ravidas ji



अजीत समाचार 13.02.2022

# गुरु रविदास जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन

नारायणगढ़ के कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंसीपल के साथ बच्चे व स्टाफ। (छाया : गुलियानी)

नारायणगढ़, 12 फरवरी (गुलियानी) : राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संत श्री गुरु रविदास जी ने मानवता व आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने उनकी शिक्षाओं और विचारों की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति के कन्वीनर व इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के विचारों को विस्तार से बताते हुए सभी का धन्यवाद किया। प्रो. रेनू कुमारी ने मंच का संचालन करते हुए संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका भाटिया बी.ए. फाइनल, द्वितीय स्थान ज्योति एम.ए. फाइनल, तृतीय स्थान अभिषेक बीकॉम सैकंड और कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अजय एम.ए. इंग्लिश प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान जमना बीकॉम प्रथम वर्ष रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अपूर्वा चावला, प्रो. सुमन लता, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. स्वर्णजीत सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार (अंग्रेजी विभाग) प्रो. सुभाष कुमार, प्रो. इकबाल सिंह, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. मृदुल ढींगरा, डॉ. बलदेव सिंह प्रो. प्रिया मलिक, प्रो. राजेंद्र, प्रो. प्रवीण, प्रोफेसर राकेश, नवीन, असलम व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर - 13-02-20

# भाषण में राधिका व कविता पाठ में अजय प्रथम

नारायणगढ़ | गवर्नमेंट कॉलेज नारायणगढ़ में प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में संत शिरोमणि गुरु रविदास के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिताएं कराई गईं। कॉलेज महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति के कन्वीनर व इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचारों को बताया। प्रो. रेनू कुमारी ने मंच संचालन किया। भाषण प्रतियोगिता में राधिका भाटिया बीए फाइनल ने पहला, ज्योति एमए फाइनल ने दूसरा, अभिषेक बीकॉम सेकेंड ने तीसरा और कविता पाठ में अजय एमए इंग्लिश ने पहला, जमना बीकॉम प्रथम वर्ष ने दूसरा स्थान पाया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अपूर्वा चावला, प्रो. सुमनलता, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. स्वर्णजीत सिंह ने निभाई।

22/02/2022 Seminar held under Positive Lifestyle and Fit India Program



पंजाब केसरी 23.02.2022

# सकरात्मक जीवन शैली एवं फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत हुई संगोष्ठी

फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत मौजूद संस्था सदस्य, प्राचार्य एवं छात्राएं। (धर्मवीर)

नारायणगढ़, 22 फरवरी (धर्मवीर): नेहरू युवा केंद्र अम्बाला युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में जिला युवा शक्ति संगठन एवं युवा व युवती विकास मंडल नेकनावां एवं झीड़ीवाला के संयुक्त सहयोग से राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में युवा कल्याण, सकरात्मक जीवन शैली एवं फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य दविंद्र ढींगरा उपस्थित रहे।

डा. ढींगरा ने बताया कि किस प्रकार कोविड-19 के दौरान युवाओ के योगदान से एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा दिया एवं विषम परिस्तिथियों में नए अवसर की तलाश करके आशावादी सोच का विस्तार किया।

कार्यक्रम में डा. जगदीप सिंह ने युवाओं को मानवाधिकार एवं कर्तव्य विषय पर बताया कि मानवाधिकारों का विकास और उसकी पृष्ठभूमि पर दृष्टिपात करने पर यह स्पष्ट होता है कि मानव अधिकार वे अधिकार हैं जो व्यक्ति को मानव होने के कारण प्राप्त हैं। इनका आधार मानव स्वभाव में ही निहित है।

समता और स्वतंत्रता को कायम रखना कर्तव्य होना चाहिए। असिस्टेंस प्रो. वनीता रानी ने युवा वर्ग में बढ़ते नशे की आदत विषय पर देश का युवा वर्ग आज नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। इसका एक कारण है सहनशक्ति की कमी। युवा आजकल बहुत जल्दी अपना हौसला खो देते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि वे डिप्रेशन में चले जाते हैं और फिर वे नशे की गिरफ्त में फंस जाते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को हालात से लड़ना सिखाएं और उन्हें मजबूत बनाएं।

असिस्टैंट प्रो. नरेश कुमार ने एड्स बीमारी पर बताया कि 1 दिसंबर का दिन दुनियाभर में एड्स-डे के तौर पर मनाया जाता है। एड्स को लेकर दुनियाभर के लोगों में तरह-तरह की गलत फहमियां हैं तो इस दिन को मनाने का खास मकसद ही है कि उन भ्रांतियों को दूर कर उन्हें जागरूक बनाना। जिला युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष बलजिंद्र सिंह नेकनावां ने बताया कि युवा वर्ग को जागरूक करने के उद्देश्य से नेहरू युवा केंद्र अम्बाला एवं युवा मंडल से सहयोग से समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन करता आ रहा है।

संस्था के महासचिव ने बताया कि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के युवाओं के अतिरिक्त आसपास के गांव से कुल 92 युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवती विकास मंडल झीड़ीवाला से निशा देवी, युवा विकास मंडल नेकनावां से कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, रमेश कुमार, भानु शर्मा, सोनू कुमार, पूर्व राष्ट्रीययुवा कोर स्वयंसेवक ललित अरोड़ा, प्रो. निशा, प्रो. हिना, प्रो. परवीन कुमार आदि युवा उपस्थित रहे।

08/03/2022 Dance & Art Competition organized on International Women's Day

पंजाब- केसरी - 9-03-2022

## अंतर्राष्ट्रीय महिला पर हुई नृत्य कला तथा कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता



*प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित प्राचार्य, अध्यापक व छात्राएं।* (धर्मवीर)

नारायणगढ़, 8 मार्च (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नृत्य कला प्रतियोगिता तथा कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य देवेंद्र ढींगरा द्वारा की गई। प्राचार्य ने सभी स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। हर साल दुनिया भर में यह दिन 8 मार्च को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने कहाकि इस दिन को मनाने की हर साल एक नई थीम होती है।

आज समाज काफी आगे निकल गया है, लेकिन महिलाओं के हक की लड़ाई आज भी जारी है। हालांकि कई महिलाएं ऐसी हैं जो आज भी अपने हक के लिए के लिए लड़ रही है, आज भी कई जगहों पर सम्मान और अधिकार नहीं मिल रहे है। ऐसे में ये दिन महिलाओं के अधिकार, सम्मान दिलाने के लिए समाज को जागरूक करने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इस अवसर पर सुनीता एस.एच.ओ. महिला थाना नारायणगढ़ ने शिरकत की व अपने अनुभवों को सांझा करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी।

नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पारुल बी.एससी द्वितीय, द्विकीय स्थान पर शाइना बीकॉम फर्स्ट, तृतीय स्थान पर पूनम रही। कोलाज मेकिंग में प्रथम स्थान पर जतिन बीकॉम फाइनल, द्वितीय स्थान पर अनमोल बीए फाइनल, तृतीय स्थान परज्योति बीकॉम फर्स्ट से रही। इन विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पी.जी.डी.सी.ए. के विद्यार्थियों इव टीजिंग पर एक प्ले प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की। प्रो.सुभाष कुमार तथा प्रो.संजीव कुमार व डॉ. बलदेव ने इस अवसर पर महिलाओं से संबंधित अपने विचारों को सांझा किया तथा सभी महिलाओं को इस दिवस पर बधाई दी। इस अवसर डॉ.अपूर्वा चावला, प्रो. सुमनलता, डॉक्टर सीमा राणा, रीमा संधू, प्रो. विनीता शर्मा, व महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य प्रो. शुभम, प्रो. चंचल, प्रो. राजरानी, प्रो. मनीषा, प्रो. सपना सैनी, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो. इंदू धीमान, प्रो. राजेंद्र व प्रो. निशा उपस्थित रहे। महाविद्यालय का समस्त स्टाफ सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहा।

14/04/2022 Speech competition organized on the eve of the birthday of Dr. Bhim Rao Ambedkar

पंजाब केसरी - 15/04/2022

## भाषण व कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नारायणगढ़, (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति के तत्वाधान में प्राचार्य संजीव कुमार की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर भाषण व कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

अवसर पर प्राचार्य ने डॉ. अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान की सराहना की और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी शिक्षाओं और विचारों का पालन करने के लिए कहा।

महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति के संयोजक व इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष से परिचित करवाते हुए उनके द्वारा लिखित संवैधानिक अधिकारों के बारे में बताया।

मंच का संचालन करते हुए प्रोफैसर रेनू कुमारी ने डॉ. अंबेडकर के महिलाओं के प्रति किए गए सुधारों और अधिकारों की सराहना की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अजय एम.ए. इंग्लिश, द्वितीय स्थान पर राधिका भाटिया बी.ए. तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर अभिषेक एम.एस.सी. प्रथम वर्ष से रहे व कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अभिषेक बीकॉम द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान ज्योति बीकॉम प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर कमल एम कॉम फाइनल से रहे।

स अवसर पर प्रो. सुभाष कुमार ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अपूर्वा चावला, प्रो. सुमन लता व डॉ. स्वर्णजीत द्वारा निभाई गई। महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति के सभी स्टाफसदस्य प्रो. मृदुल, डॉ. बलदेव, डॉ. प्रिया मलिक ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ. सीमा राणा, प्रो. रीमा संधू, प्रो. वनीता शर्मा, प्रो. रेनू गुप्ता, प्रो. शुभम, डॉ. सतीश कुमार, प्रो. पिंकी बाला, प्रो. राजेंद्र व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





*प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित प्राचार्य व अन्य तथा पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थी।* (धर्मवीर)

20/04/2022 One-day Health Check-Up Camp

पंजाब केसरी - 21-04-2022

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का होना बेहद जरूरी : संध्या कनौजिया

नारायणगढ़, 20 अप्रैल (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य संजीव कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तहत विस्तार व्याख्यान तथा एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ता संध्या कनौजिया, डा. नितीश मित्तल व गुरदीप कौर टिएंस ग्रुप फीनिक्स क्लब चंडीगढ़ से रहे। व्याख्यान का विषय महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता रहा। वक्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का होना बेहद जरूरी हैं, हमारे आस-पास जितनी ज्यादा स्वच्छता रहेगी। हम उतने ही ज्यादा स्वस्थ रहेंगे।

वक्ता में अपने व्याख्यान में बताया कि महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याएं, दिल की बीमारी, मासिक धर्म चक्र, ब्रेस्ट कैंसर ऐसी बीमारियां हैं, जो एक औरत को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। स्वस्थ जीवन जीने के लिए, स्वस्थ जीवनशैली के साथ पौष्टिक आहार लेना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से महिलाओं को अधिक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। क्योंकि जीवन के प्रत्येक चरण में उनके शरीर में कई परिवर्तन होते हैं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने कहा कि सबसे पहले हम सभी को बीमारियों से दूर रहने के लिए खुद की व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देना होगा, जिसके कारण हमारा शरीर हर तरह के बीमारी का संक्रमण होने से दूर रहेगा, जिससे हम एक अच्छा जीवन जी सकते हैं। डा. नीतीश मित्तल व गुरदीप कौर फीनिक्स क्लब टीम के सदस्यों के द्वारा महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

इस अवसर पर प्रो. सुभाष कुमार, प्रो. संजीव कुमार, डा. सतीश कुमार, महिला प्रकोष्ठ के समिति के सदस्य प्रो. शुभम, प्रो. राजरानी, प्रो. सपना सैनी, प्रो. इंदु धीमान, प्रो. राजेंद्र, प्रो .निशा प्रो. सपना गुप्ता प्रो. मनीषा मौजूद रहे।



जानकारी लेतीं छात्राएं। (धर्मवीर)



स्वास्थ्य जांच करते डॉक्टर। (धर्मवीर)

08/05/2022 Science Quiz

पंजाब केसरी



अपने अपने सर्टीफिकेट के साथ विद्यार्थी, साथ में हैं प्राचार्य। (धर्मवीर)

## साइंस क्विज प्रतियोगिता में टीम क्यूरी ने मारी बाजी

नारायणगढ़, 9 मई (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में रसायन और भौतिकी विभाग द्वारा साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसका कार्यभार रसायन विभाग अध्यक्ष प्रो. इकबाल सिंह ने संभाला। प्रतियोगिता में कुल 8 टीम्स के 24 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 5 चरण रखे गए।

प्रतियोगिता में टीम क्यूरी प्रथम, टीम न्यूटन द्वितीय और टीम आइंस्टाइन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार ने बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रो. इकबाल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। प्रतियोगिता के संचालन में प्रो. नेहा ,प्रो. दीपक सैनी, प्रो. राहुल कुमार, प्रो. बिंदू मित्तल, प्रो. रितु मित्तल, प्रो. प्रिया और प्रो. सोनू रानी व असलम और बालाराम की अहम भूमिका रही।